प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 02.06.2025 समय : 01:00 पी.एम.

....................

जेईई एडवांस्ड परीक्षा 2025 के परिणाम आज घोषित कर दिए गए है। कोटा के छात्र रजित गुप्ता ने देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। इस प्रवेश परीक्षा में टॉप टेन में से चार विद्यार्थी कोटा से है। जेईई एडवांस्ड परीक्षा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों और तकनीकी शिक्षा के अन्य सहभागी संस्थानों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। इस साल एक लाख 90 हजार विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था।

....................

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने अधिकारियों को अंतिम छोर तक बैठे प्रत्येक वंचित और पात्र व्यक्ति तक विकास कार्यक्रमों का लाभ पंहुचाने के निर्देश दिए है। भीलवाडा के दो दिवसीय दौरे के दौरान आज दूसरे दिन कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वंचित रहे शेष पात्र लोगों को आवास हेतु ऋण स्वीकृत कराए जाए। साथ ही गर्मी के मौसम में तापमान को कम करने के लिए हरियालो राजस्थान अभियान के तहत तय लक्ष्यों के अनुरूप पौधे लगाए जाए। राज्यपाल श्री बागडे ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए शिक्षा बेहद अहम है। शिक्षा का स्तर ओर भी ज्यादा बढ़ाया जाए इसके लिए जिन विद्यालयों में नामांकन कम है वहां शिक्षा के प्रति परिजनों को जागरुक कर नामांकन बढ़ाएं।

....................

देश भर में कोविड–19 के तीन हजार नौ सौ साठ से ज़्यादा सक्रिय मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, केरल में सबसे ज़्यादा चौदह सौ 35 मामले दर्ज किए गए हैं, इसके बाद महाराष्ट्र में पांच सौ छह और दिल्ली में चार सौ 83 मामले दर्ज किए गए हैं।

....................

12 जून को मनाए जाने वाले विश्व बालश्रम निषेध दिवस के उपलक्ष में आज जयपुर में संवाद कार्यक्रम रखा गया है। बाल अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका ने बताया कि इसमें प्रतिभागियों को बाल और किशोर श्रम संशोधित नियमों की जानकारी दी जाएगी।

....................

पाली के दुजाना टोल नांके के पास कल देर रात एक अज्ञात वाहन की टक्कर में मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक गंभीर घायल को सांडेराव के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। उधर झालावाड में नेशनल हाइवे 52 पर हरिपुरा गांव के पास एक कार की टक्कर से मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों की मौत हो गई।

....................

प्रदेश में आज से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। इसके असर से बीकानेर, जोधपुर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर, कोटा और उदयपुर संभाग में पांच जून तक दोपहर बाद तेज आंधी और बारिश की संभावना है। विभाग ने आज प्रदेश के 30 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें जयपुर समेत 17 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट, जबकि 13 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच पिछले 24 घंटों में प्रदेश के अधिकतर शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे रहा। रात के तापमान में भी गिरावट आई है।

....................

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित आरएएस 2023 के चौथे चरण के साक्षात्कार आज से शुरू हो गये हैं। यह साक्षात्कार 13 जून तक चलेंगे। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि साक्षात्कार तय कार्यक्रम के अनुसार होंगे। आरएएस 2023 भर्ती 972 पदों के लिए हो रही है। मुख्य परीक्षा का परिणाम दो जनवरी 2025 को जारी हुआ था। पहले चरण के इंटरव्यू 21 अप्रैल से शुरू हुए थे। इधर, कॉलेज शिक्षा विभाग में फिजिक्स में सहायक आचार्य भर्ती के लिए साक्षात्कार आज से 20 जून तक होंगे।

....................

सकल वस्तु और सेवा कर–जीएसटी संग्रह इस वित्त वर्ष में लगातार दूसरे महीने 2 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के अनुसार, मई में कुल जीएसटी संग्रह 2 करोड़ एक लाख रुपये रहा, जो पिछले साल मई में एकत्र एक करोड़ 72 लाख रुपये की तुलना में 16 दशमलव 4 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष अप्रैल में जीएसटी संग्रह 12 दशमलव 6 प्रतिशत बढ़कर अब तक के सर्वाधिक 2 करोड़ 37 लाख रुपये पर पहुंच गया था।

....................